कक्षा-VI

सूरदास के पद

1. सौ कल्प जीने का क्या अर्थ है?

उत्तर - सौ कल्प जीने का अर्थ है -  एक लाख वर्ष तक जीना।

2. कृष्ण अपने मुख पर लगे माखन का दोष मित्रों पर क्यों लगाते हैं?

उत्तर- कृष्ण अपने मुख पर लगे माखन का दोष मित्रों पर लगाते है ताकि वो माता यशोदा की डाँट से बच जाए।

3. डाँटने-फटकारने के बाद यशोदा ने कृष्ण को गले से क्यों लगाया?

उत्तर- कृष्ण की मासूम बाल- लीला पर मोहित होकर डाँटने-फटकारने के बाद यशोदा ने कृष्ण को गले से लगा लिया।

4. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ लिखिए-

(क)'सोभित कर नवनीत लिए'

उत्तर- इस पंक्ति का अर्थ है - श्री कृष्ण के हाथों में माखन शोभित है।

(ख) 'डारि सांटि मुसकाई जशोदा स्यामहिं कंठ लगायो।'

उत्तर- माता यशोदा श्री कृष्ण को डाँटने- फटकारने के बाद गले से लगा लेती है।

5. निम्नलिखित अर्थोवाली पंक्तियाँ पदों से छाँटकर लिखिए-

(क) बालकृष्ण के बालों की लटें उनके गाल पर झूमने लगती हैं, ऐसा लगता है मानो भौंरे उनके मुखारविंद का मधुर रसपान कर मतवाले हो गए हैं।

उत्तर-लट लटकनि मनु मत्त मधुप गन मादक मधुहिं पिए।

(ख)कन्हैया ने मुख से लिपटा माखन पोंछा और एक दोना जिसमें माखन बचा रह गया था, उसे पीछे छिपा लिया।

उत्तर- मुख दधि पोंछि बुद्धि इक किन्हीं दोना पीठि दुरायो।

6. श्री कृष्ण सदा चोरी करके मक्खन खाते थे और पकड़े भी जाते थे, फिर वे हर बार झूठ क्यों बोलते थे कि उन्होंने मक्खन नहीं खाया?

उत्तर- श्री कृष्ण माता यशोदा के डाँट से बचने के लिए हर बार झूठ बोलते थे कि उन्होंने मक्खन नहीं खाया।

◆ निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए-

मुख- मुँह

रेनु- रेणु(धूल)

दधि- दही

हिय- हृदय

नख- नाख़ून

सत- सौ

◆ निम्नलिखित शब्दों के हिंदी रूप लिखिए-

इंहि- यह

नाहिं- नहीं

दुरायो- छिपा लिया

◆ दिए गए शब्दों के दो-दो पर्याय लिखिए-

कर- हाथ, पाणि

तन- शरीर, काया

मधुप- भौंरा, अलि

माखन- नवनीत , मक्खन

बुद्धि- मति, विवेक